भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4627

जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29 फाल्गुन, 1948 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों के घरेलू उत्पादन में वृद्धि

4627. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान उर्वरकों, थोक रसायनों और पेट्रोरसायनों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता को कम करने के संबंध में हाल के नीतिगत उपायों का क्या प्रभाव पड़ा है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान घरेलू उत्पादन में वृद्धि, उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार या विस्तार और विदेशी मुद्रा के रूप में हुई बचत का ब्यौरा क्या है;

(ग) उर्वरकों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली से किसानों को उर्वरकों के मामले में पारदर्शिता, दक्षता और समय पर उपलब्धता में किस प्रकार सुधार हुआ है; और

(घ) देश में कृषि के व्यस्ततम मौसमों के दौरान पर्याप्त और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरक उत्पादन और आपूर्ति का ब्यौरा क्या है और कर्नाटक सहित राज्य-वार क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): कर्नाटक राज्य सहित देश में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक मौसम में निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

(i) प्रत्येक फसल मौसम की शुरुआत से पहले, कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से, राज्य-वार और माह-वार उर्वरकों की आवश्यकता का आकलन करता है। उर्वरकों की आवश्यकता का आकलन अनुमानित सकल फसली क्षेत्र, सिंचित क्षेत्र, पिछले तीन मौसमों के उपभोग पैटर्न और मिट्टी की उर्वरता स्थिति आदि के अनुसार फसल-वार उर्वरकों की अनुशंसित खुराक को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। आवश्यकता के आधार पर उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करता है।

(ii) डीएएंडएफडब्ल्यू द्वारा अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

(iii) सभी प्रमुख सब्सिडी वाले उर्वरकों के संचलन की निगरानी पूरे देश में एक ऑन-लाइन वेब-आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है जिसे एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) कहा जाता है।

(iv) राज्य सरकारों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे समय पर मांगपत्र जारी करके आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए उत्पादकों और आयातकों के साथ समन्वय स्थापित करें।

(v) राज्यों के लिए पर्याप्त रेक देने, उर्वरकों को प्राथमिकता देने और समय पर रेक निकालने के लिए रेल मंत्रालय के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की जाती हैं।

(vi) देश में उर्वरकों की पर्याप्त और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आयात के माध्यम से उर्वरकों की मांग (आवश्यकता) और स्वदेशी उत्पादन के बीच के अंतराल को पूरा किया जाता है।

उपरोक्त को देखते हुए, चल रहे 2025-26 मौसम (01.10.2025 से 18.03.2026 तक) के दौरान राज्यों में इन उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री के बारे में जानकारी **अनुलग्नक-क** में रखी गई है। इसके अलावा, पिछले **3** वर्षों के दौरान देश में इन उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री के बारे में जानकारी इस प्रकार है:

2022-23 से 2024-25 के दौरान देश में उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री

आंकड़े एलएमटी में

क्र.सं.	राज्य	यूरिया			डीएपी			एमओपी			एनपीकेएस		
		आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री
1	2024-25	364.01	443.83	387.92	111.92	105.14	96.29	22.21	30.85	22.02	151.29	183.98	149.72
2	2023-24	356.08	437.47	357.81	110.18	127.42	109.73	27.62	22.74	16.45	126.31	156.51	116.80
3	2022-23	359.19	415.82	357.26	114.20	130.93	105.31	34.17	19.55	16.32	120.69	138.15	107.31
1. सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता													
2. सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री													

इसके अलावा पिछले 3 वर्षों के दौरान देश में उर्वरक उत्पादन का विवरण **अनुलग्नक-ख** में दिया गया है।

यूरिया के संबंध में, सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को सुविधाजनक बनाने और यूरिया क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी)-2012 की घोषणा की और 7 अक्टूबर, 2014 को इसमें संशोधन किया। एनआईपी-2012 के तहत कुल 6 नई यूरिया इकाइयां स्थापित की गई हैं जिनमें नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के माध्यम से स्थापित 4 यूरिया इकाइयां और निजी कंपनियों द्वारा स्थापित 2 यूरिया इकाइयां शामिल हैं। तेलंगाना में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) की रामागुण्डम यूरिया इकाई तथा हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 3 यूरिया इकाइयां नामत: गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी क्रमश: उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार में जेवीसी के माध्यम से स्थापित इकाइयां हैं। पश्चिम बंगाल में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई; और राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड

(सीएफसीएल) की गड़ेपान-।।। यूरिया इकाई निजी कंपनियों द्वारा स्थापित इकाइयां हैं। इनमें से प्रत्येक इकाई की संस्थापित क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एलएमटीपीए) है। ये इकाइयां अत्यधिक ऊर्जा दक्ष हैं क्योंकि ये अद्यतन प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। अत:, इन इकाइयों ने मिलकर यूरिया उत्पादन क्षमता में 76.2 एलएमटीपीए की वृद्धि की है जिससे वर्ष 2014-15 के दौरान रही 207.54 एलएमटीपीए की कुल स्वदेशी यूरिया उत्पादन क्षमता (पुनर्आकलित क्षमता, आरएसी) वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 283.74 एलएमटीपीए हो गई है। इसके अलावा, कोयला गैसीकरण रूट पर 12.7 एलएमटीपीए का एक नया ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करके नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की जेवीसी नामत: तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से एफसीआईएल की तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए एक विशेष नीति भी अनुमोदित की गई है। हाल ही में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रह्मपुत्र वैली फ़र्टिलाइज़र कारपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल), नामरूप असम के मौजूदा परिसर के भीतर 12.7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता के एक नए ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसें असम वैली फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) के नाम से जाना जाएगा। ये दोनों परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने स्वदेशी यूरिया उत्पादन को आरएसी से अधिक करने के एक उद्देश्य से मौजूदा 25 गैस-आधारित यूरिया इकाइयों के लिए 25 मई, 2015 को नई यूरिया नीति (एनयूपी)-2015 भी अधिसूचित की है। एनयूपी-2015 से यूरिया का उत्पादन वर्ष 2014-15 के दौरान हुए वार्षिक उत्पादन की तुलना में 20-25 एलएमटीपीए बढ़ा है।

इसके अलावा, कोयला गैसीकरण मार्ग पर 12.7 एलएमटीपीए का एक नया ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करके नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संयुक्त उद्यमों नामत: तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से एफसीआईएल की तालचेर इकाई के पुनर्जीवन के लिए एक अनन्य नीति भी अनुमोदित की गई है। 31 दिसंबर, 2025 तक परियोजना की कुल प्रगति 70.63 प्रतिशत है। हाल ही में, मंत्रिमण्डल ने ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल), नामरूप, असम के मौजूदा परिसर में यूरिया उत्पादन की 12.7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) वार्षिक क्षमता के एक नए ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया परिसर की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। दोनों ही कार्यान्वयन के तहत हैं।

उपर्युक्त सभी उपायों से रिकार्ड यूरिया उत्पादन हुआ है, जो वर्ष 2014-15 के दौरान 225 एलएमटी प्रतिवर्ष था वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 314.07 एलएमटी हो गया है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश में 306.67 एलएमटी यूरिया का उत्पादन हुआ है।

इसके अतिरिक्त, फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों के लिए, सरकार ने दिनांक 01.04.2010 से पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) नीति लागू की है। इस स्कीम के तहत, पीएंडके उर्वरकों को मुक्त सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के तहत शामिल किया गया है और कंपनियां अपने व्यावसायिक उतार-चढ़ाव के अनुसार इन उर्वरकों का आयात/उत्पादन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

आयातित फॉस्फेटयुक्त उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

(i) उर्वरक विभाग ने एमआरपी की उपयुक्तता सुनिश्चित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 18.01.2024 से दिशानिर्देश जारी किए हैं।

(ii) प्राप्त अनुरोधों के आधार पर, एनबीएस सब्सिडी स्कीम के तहत नई उत्पादन इकाइयों अथवा मौजूदा इकाइयों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने को अहमियत दी गई है/संज्ञान में लिया गया है।

(iii) एनबीएस नीति के तहत शामिल किए गए पीएण्डके उर्वरकों की संख्या वर्ष 2021 में 22 ग्रेड से बढ़ाकर वर्तमान में 28 ग्रेड कर दी गई है।

(iv) मृदा को फॉस्फेटयुक्त अथवा 'पी' पोषक तत्व प्रदान करने हेतु एसएसपी जो स्वदेशी रूप से उत्पादित उर्वरक है, के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एसएसपी पर मालभाड़ा सब्सिडी, खरीफ, 2022 से अनुमोदित की गई है।

इसके अलावा, उर्वरकों में डीबीटी के तहत, सब्सिडी वाले उर्वरकों की बिक्री खुदरा दुकान पर स्थापित प्वाइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से किसानों को की जाती है। खरीदार की पहचान आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से की जाती है। संबंधित उर्वरक कंपनियों को डीबीटी बिलों के रूप में साप्ताहिक आधार पर 100% सब्सिडी दी जाती है। एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) जून 2016 में शुरू की गई थी जो उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में सभी कार्यात्मकताओं को कवर करने वाली एक व्यापक, संपूर्ण एकीकृत प्रणाली है। यह व्यापक प्रणाली कच्चे माल की खरीद, आयात से लेकर उर्वरक उत्पादन तक और संयंत्रों, रेक हाउसों, बंदरगाहों से रेल या सड़क के माध्यम से परिवहन, जिला गोदामों तक संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला को कवर करती है और अंत में पीओएस सक्षम खुदरा विक्रेताओं पर बिक्री तक लेनदेन डेटा को सावधानीपूर्वक कैप्चर करती है, जिला स्तर पर मासिक आपूर्ति योजनाओं के साथ सब कुछ संरेखित होता है और उर्वरकों की आवाजाही को वास्तविक समय में कैप्चर किया जा रहा है। इसके अलावा, उर्वरक विभाग ने एक डैशबोर्ड भी विकसित किया है जिसे अधिकृत उपयोगकर्ताओं द्वारा उपयोग किया जा सकता है। डैशबोर्ड राज्य कृषि विभाग, जिला कलेक्टर और राज्य विपणन संघ जैसे विभिन्न हितधारकों द्वारा निगरानी को आसान बनाने के लिए विकसित किया गया है। राज्य सरकारें आईएफएमएस और ई-उर्वरक डैशबोर्ड पोर्टलों के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता और आपूर्ति की निगरानी भी कर रही हैं। इसलिए, उर्वरकों में डीबीटी के कार्यान्वयन से किसानों को उर्वरकों की पारदर्शिता, दक्षता और समय पर उपलब्धता में सुधार हुआ है।

****

अनुलग्नक-क

यह अनुलग्नक दिनांक 20.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.4627 के उत्तर के भाग (क) से (घ) से संबंधित है।

रबी 2025-26 मौसम (18.03.26 तक) के दौरान उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री

आंकड़े एलएमटी में

		यूरिया			डीएपी			एमओपी			एनपीकेएस		
क्र.सं.	राज्य	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2	आंध्र प्रदेश	8.93	11.24	9.14	2.16	3.74	2.82	0.94	1.33	0.89	9.21	12.35	8.80
3	अरुणाचल प्रदेश	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
4	असम	1.55	2.53	2.04	0.27	0.65	0.43	0.35	0.48	0.24	0.33	0.34	0.20
5	बिहार	13.10	16.45	14.02	3.84	6.01	4.54	1.48	1.77	1.37	3.47	5.55	3.50
6	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7	छत्तीसगढ़	2.85	4.56	2.30	0.99	2.06	1.05	0.48	0.61	0.12	0.58	2.06	0.35
8	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
9	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
10	दिल्ली	0.14	0.14	0.11	0.03	0.03	0.02	0.01	0.00	0.00	0.02	0.00	0.00
11	गोवा	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.01	0.01	0.01
12	गुजरात	13.35	15.29	13.22	2.80	3.37	2.75	0.62	0.74	0.53	4.37	5.58	3.70
13	हरियाणा	11.26	14.05	11.35	2.68	3.32	2.59	0.28	0.35	0.13	1.16	0.52	0.24
14	हिमाचल प्रदेश	0.32	0.56	0.41	0.01	0.03	0.02	0.04	0.02	0.02	0.26	0.26	0.16
15	जम्मू और कश्मीर	0.59	1.22	0.61	0.22	0.39	0.20	0.11	0.23	0.07	0.01	0.04	0.01
16	झारखंड	1.14	1.70	1.22	0.25	0.63	0.45	0.02	0.04	0.02	0.29	0.49	0.23
17	कर्नाटक	7.09	10.03	6.84	1.87	4.00	2.20	0.91	1.60	0.88	6.74	12.86	7.02
18	केरल	0.59	0.71	0.51	0.08	0.19	0.10	0.47	0.58	0.36	0.58	0.87	0.58
19	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
20	मध्य प्रदेश	22.90	28.03	23.81	7.40	7.54	5.90	0.96	1.02	0.57	11.29	8.33	5.01
21	महाराष्ट्र	10.64	15.72	10.71	2.47	4.83	2.48	1.41	1.69	0.88	11.45	22.48	10.13
22	मणिपुर	0.08	0.09	0.07	0.01	0.02	0.01	0.04	0.02	0.01	0.01	0.01	0.01
23	मेघालय	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
24	मिजोरम	0.00	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
25	नागालैंड	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.01	0.00	0.00
26	ओडिशा	1.73	3.16	1.67	0.71	1.37	0.72	0.23	0.49	0.18	0.84	1.56	0.71
27	पुदुचेरी	0.08	0.08	0.07	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.00	0.05	0.07	0.04
28	पंजाब	14.58	18.73	14.59	4.46	5.68	4.15	0.56	0.67	0.28	1.48	0.99	0.61
29	राजस्थान	14.87	20.03	16.57	3.31	4.52	3.68	0.10	0.15	0.09	1.48	1.82	1.16
30	सिक्किम	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
31	तमिलनाडु	6.17	7.35	6.01	1.49	2.11	1.52	1.72	1.36	1.01	4.91	6.78	4.57
32	तेलंगाना	9.73	11.64	10.83	1.41	2.52	1.98	0.61	0.92	0.54	6.58	8.94	5.64
33	त्रिपुरा	0.09	0.12	0.07	0.01	0.03	0.01	0.03	0.03	0.01	0.02	0.03	0.02
34	उत्तराखंड	0.96	1.28	0.99	0.14	0.41	0.24	0.05	0.06	0.02	0.19	0.12	0.08
35	उत्तर प्रदेश	39.16	50.06	38.96	13.90	17.56	12.11	1.43	2.15	1.22	7.40	10.87	6.22
36	पश्चिम बंगाल	7.85	11.85	8.14	1.91	3.07	2.24	2.11	2.42	1.41	6.71	10.45	6.68
	अखिल भारत	**189.79**	**246.68**	**194.31**	**52.40**	**74.10**	**52.24**	**14.94**	**18.75**	**10.87**	**79.43**	**113.39**	**65.66**

1. सहज उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता>आवश्यकता
2. सहज उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता>बिक्री

अनुलग्नक-ख

यह अनुलग्नक दिनांक 20.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.4627 के उत्तर के भाग (क) से (घ) से संबंधित है।

क्षेत्र-वार/राज्य-वार/कंपनी-वार प्रमुख उर्वरक निर्माण इकाइयाँ							
					उत्पादन (आंकड़े एलएमटी में)		
क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**कंपनी का नाम**	**उर्वरक उत्पादन इकाइयों का नाम/अवस्थिति**	**उत्पादित उर्वरकों के प्रकार**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
सार्वजनिक क्षेत्र							
1	**हरियाणा**	नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड:पानीपत	यूरिया	5.70	5.30	5.15
2	**मध्य प्रदेश**		नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड: विजयपुर-I	यूरिया	10.50	10.43	9.74
3			नेशनल फर्टिलाइजर्स लि:विजयपुर-II	यूरिया	11.87	11.24	11.61
4	**पंजाब**		नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड:नांगल--II	यूरिया	5.45	5.21	5.14
5			नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड: भटिंडा	यूरिया	5.82	4.72	5.50
6	**महाराष्ट्र**	राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स. लिमिटेड	राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड:ट्राम्बे	यूरिया/मिश्रित	9.59	9.17	9.21
7			राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड:थल	यूरिया	18.80	18.42	17.74
8	**असम**	ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लि.:	ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लि.:नामरूप-II	यूरिया	-	-	-
			ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लि.:नामरूप-III	यूरिया	2.23	1.80	1.87
9	**केरल**	फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल्स ट्रावनकोर लि:.	फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल्स ट्रावनकोर लि:.उद्योगमंडल	ए/एस और मिश्रित	4.53	4.63	3.93
10			फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल्स ट्रावनकोर लि:.कोचीन	मिश्रित	6.20	6.06	5.03
11	**तमिलनाडु**	मद्रास फर्टिलाइजर लि.:.	मद्रास फर्टिलाइजर लि.:चेन्नई	यूरिया और मिश्रित	5.27	4.33	5.28
सहकारी क्षेत्र							
12	**गुजरात**	इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.	इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.:कांडला	डीएपी और मिश्रित	24.87	18.90	22.79
13			इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.:कलोल	यूरिया	6.62	6.19	6.03
14	**ओडिशा**		इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.: पारादीप	डीएपी और मिश्रित	21.88	21.17	22.13
15	**उत्तर प्रदेश**		इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.:फूलपुर-I	यूरिया	6.51	7.05	7.64
16			इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.:फूलपुर-II	यूरिया	12.24	12.00	10.71
17			इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.: आंवला-I	यूरिया	11.52	12.26	11.35
18			इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लि.: आंवला- II	यूरिया	11.92	11.36	12.44
19	**गुजरात**	कृषक भारती कोऑपरेटिव लि	कृषक भारती कोऑपरेटिव लि हजीरा	यूरिया	22.21	23.35	24.34

क्र.सं.	राज्य का नाम	कंपनी का नाम	उर्वरक उत्पादन इकाइयों का नाम/अवस्थिति	उत्पादित उर्वरकों के प्रकार	2022-23	2023-24	2024-25
निजी क्षेत्र							
20	**आंध्र प्रदेश**	नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि	नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि.:काकीनाड़ा-I	यूरिया	6.08	6.45	1.13
21			नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि.:काकीनाड़ा-II	यूरिया	5.13	6.65	1.04
22		कोरोमंडल इंटरनेशनल लि.:.	कोरोमंडल इंटरनेशनल लि.: काकीनाड़ा	डीएपी और मिश्रित	20.06	19.31	21.61
23			कोरोमंडल इंटरनेशनल लि.: वाइजैग	डीएपी और मिश्रित	11.43	11.64	11.64
24	**उत्तर प्रदेश**	राम पोटाश इकाई-I और इकाई-II	पीडीएम 0-0-14.5-0	-	-	-	-
25		हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल)	एचयूआरएल: गोरखपुर	यूरिया	8.66	13.50	12.01
26	**बिहार**		एचयूआरएल :बरौनी	यूरिया	1.74	10.57	8.55
27	**झारखंड**		एचयूआरएल : सिंदरी	यूरिया	1.74	11.44	12.47
28	**गोवा**	पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड (पूर्व में जेडएसीएल)	पीपीएल (पूर्व में जेडएसीएल)	यूरिया,डीएपी और मिश्रित	7.75	8.79	10.93
29	**गुजरात**	गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल्स लि.:	गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल्स लि.:भरूच	यूरिया और मिश्रित	7.69	8.28	8.13
30		गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि.	गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि.:वड़ोदरा	यूरिया,डीएपी, ए/एस और मिश्रित	11.13	9.89	11.10
31			गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि.:सिक्का	यूरिया और मिश्रित	2.74	4.40	5.36
32		किसान शक्ति	किसान शक्ति भरूच	टीएसपी	-	0.02	0.01
33		नर्मदा बायो-पीडीएम	अहमदाबाद	बायो-फर्टिलाइजर्स	-	-	0.01
34		किसान शक्ति फर्टिलाइजर्स एण्ड पेस्टिसाइड्स प्रा.लि.	भरूच	मिश्रित	-	-	-
35		हिंडाल्को दाहेज	हिंडाल्को दाहेज	डीएपी	-	-	-
36	**कर्नाटक**	मंगलौर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि.	मंगलौर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि.मंगलौर:	यूरिया, डीएपी एण्ड मिश्रित	5.62	7.55	7.68
37	**महाराष्ट्र**	महाधन एग्री टेक लि .तलोजा	महाधन एग्री टेक लिस्मार्टकेम/डीएफपीसीएल:तलोजा .	मिश्रित	5.83	6.08	8.35
38		राजलक्ष्मी एग्रो	नांदेड़	मिश्रित	-	-	-
39		आरसी फर्टिलाइजर्स	नासिक	मिश्रित	-	-	-
40	**ओडिशा**	पारादीप फॉस्फेट लि	पारादीप फॉस्फेट लि.पारादीप:	डीएपी एण्ड मिश्रित	12.98	14.27	15.42
41	**राजस्थान**	चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लि	चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लि.-गड़ेपान :I	यूरिया	10.22	10.40	11.15
42			चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लि.गड़ेपान :-II	यूरिया	10.39	9.58	10.60
43			चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लि.गड़ेपान :-III	यूरिया	12.86	13.84	12.87

क्र.सं.	राज्य का नाम	कंपनी का नाम	उर्वरक उत्पादन इकाइयों का नाम/अवस्थिति	उत्पादित उर्वरकों के प्रकार	2022-23	2023-24	2024-25
44		श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लि	श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लि.:कोटा	यूरिया	3.98	4.10	4.07
45		पटेल फोसकेम	पटेल फोस केम उदयपुर	टीएसपी और मिश्रित	0.04	0.02	0.04
46		रामा फॉस्केम-उदयपुर	रामा फॉस्केम-उदयपुर	मिश्रित	-	-	0.02
47		कोरोमंडल इंटरनेशनल लि	सीआईएल: उदयपुर	मिश्रित	-	-	-
48		अधीशा फॉस्फेट	उदयपुर	मिश्रित	-	-	-
49		इंडियन फॉस्फेट	उदयपुर	मिश्रित	-	-	-
50		ओस्तवाल फॉस्केम (इंडिया) लि.	भीलवाड़ा	मिश्रित	-	-	-
51		श्री गनपति फर्टिलाइजर्स लि.	चित्तोड़गढ़	मिश्रित	-	-	-
52		मैं. एसपीसीएल	उदयपुर	मिश्रित	-	-	-
53		ब्ल्यू फॉस्फेट लिमिटेड	उदयपुर	मिश्रित	-	-	-
54		अरावली फॉस्फेट्स लिमिटेड	उदयपुर	मिश्रित	-	-	-
55	**तमिलनाडु**	कोरोमंडल इंटरनेशनल लि	कोरोमंडल इंटरनेशनल लि.एन्नोर :	मिश्रित	1.40	2.19	0.00
56		सदर्न पेट्रोकेमिकल इंडकॉरपोरेशन लि .	सदर्न पेट्रोकेमिकल इंडकॉरपोरेशन लि ..तूतीकोरिन:	यूरिया	7.59	5.23	7.21
57		ग्रीनस्टार फर्टिलाइजर लि .	ग्रीनस्टार फर्टिलाइजर लि :तूतीकोरिन	डीएपी एण्ड मिश्रित	5.03	5.06	6.04
58	**तेलंगाना**	रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड	आरएफसीएल, रामागुण्डम	यूरिया	8.41	11.12	11.95
59	**उत्तर प्रदेश**	इंडोरामा इंडिया (पहले ग्रासिम) प्राइवेट लिमिटेड	इंडोरमा ग्रासिम/आईजीएफ: जगदीशपुर	यूरिया	11.17	11.38	12.18
60		यारा फर्टिलाइजर्स इंडिया लिमिटेड	यारा फर्टिलाइजर्स इंडिया प्रालि./टीसीएल:बबराला.	यूरिया	11.82	12.31	13.23
61		कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड	केएफएल कृभको श्याम फर्टिलाइजर्स लि.: शाहजहांपुर	यूरिया	10.95	10.66	11.35
62		कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड सीमेंट लिमिटेड	केएफसीएल कानपुर	यूरिया	6.28	6.85	6.12
63		आईआरसी एग्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड	इण्डोरमा इंडिया हल्दिया	डीएपी एण्ड मिश्रित	4.94	6.01	6.50
64	**पश्चिम बंगाल**	मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि	मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि. पानागढ़	यूरिया	10.52	14.99	14.71
65		साई फर्ट	कोलकाता	मिश्रित	-	-	-
66	**मध्य प्रदेश**	मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लि . (एमबीएपीएल)	मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लि(एमबीएपीएल) .	डीएपी और मिश्रित	0.94	1.27	1.54
67		कृष्णा फॉस्केम लि.	कृष्णा फॉस्केम लि.	डीएपी और मिश्रित	0.01	1.49	2.31
68		कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड.	सीआईएल: निर्माणी	मिश्रित	-	-	0.50
				कुल	**428.85**	**458.90**	**465.46**